हे राम भक्त हनुमान तुझे मैंने तो अब पहचान लिया लिरिक्स

हे राम भक्त हनुमान तुझे,
मैंने तो अब पहचान लिया,
तुम दुष्ट संहारक हो तेरा,
भक्तों ने सहारा मान लिया।bd।

तर्ज – दिल लुटने वाले।

सुग्रीव बाली से डरकर जब,
उस निर्जन गिरी पर रोता था,
तब तू ही तो धीरज देकर ही,
उसके दुखड़ो को हरता था,
फिर राम से उसे मिलाया और,
सुग्रीव को अभय प्रदान किया,
हे राम भक्त हनुमान तुम्हे,
मैंने तो अब पहचान लिया।bd।

जब रावण ने मुनि वेश बना,
माता सिता को हर डाला,
हनुमत ने लंक जलाकर के,
माता का संशय हर डाला,
फिर चूड़ामणि लाए माँ की,
प्रभु मन को भी विश्राम दिया,
हे राम भक्त हनुमान तुम्हे,
मैंने तो अब पहचान लिया।bd।

जब शक्ति लगी लक्ष्मणजी को,
तब तू ही बूटी लाया था,
बूटी रूपी ओषध से फिर,
लक्ष्मण का प्राण बचाया था,
तब राम ने कहा पवनसुत से,
तूने तो ऋणी ही बना डाला,
Bhajan Diary Lyrics,
हे राम भक्त हनुमान तुम्हे,
मैंने तो अब पहचान लिया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लंका में था जब युद्ध मचा,
रावण ने तुझे ललकारा था,
तब राम नाम लेकर तूने,
रावण के मुक्का मारा था,
रावण मुर्छित हो जागा तब,
बोला कपिबल ने कमाल किया,
हे राम भक्त हनुमान तुम्हे,
मैंने तो अब पहचान लिया।bd।

हे राम भक्त हनुमान तुझे,
मैंने तो अब पहचान लिया,
तुम दुष्ट संहारक हो तेरा,
भक्तों ने सहारा मान लिया।bd।

Singer – Rajkumar – Anjana

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com